# कार्यालय प्रभागीय निदेशक सामाजिक वानिकी प्रभाग, प्रयागराज।

पत्रांक– 617 /15–1 दिनांक, प्रयागराज, अगस्त 10, 2023।

सेवा में,

चीफ रीजनल मैनेजर
हिन्दुस्तान पेट्रोलियम कार्पोरेशन लि0,
वाराणसी रिटेल कार्यालय
द्वितीय तल, नार्थ स्क्वायर,
शास्त्रीनगर, सिगरा, वाराणसी।

**ONLINE PROPOSAL NO: FP/UP/APPROACH/153324/2022**

विषयः– **जनपद–प्रयागराज अन्तर्गत हिन्दुस्तान पेट्रोलियम कार्पो0 लि0 द्वारा हण्डिया–प्रयागराज रोड एस0एच–106 के किमी0 नं0–236 (चैनेज सं0–235.040) के दांयी पटरी पर गाटा नं0–106, ग्राम–सराय दासू उर्फ हरीपुर परगना केवाई तहसील–हण्डिया, जिला–प्रयागराज में प्रस्तावित नये रिटेल आउटलेट पेट्रोल पम्प स्थल से मुख्य मार्ग तक आवागमन में प्रभावित 0.3288 हे0 संरक्षित वन भूमि के बिना वृक्ष पातन के गैर वानिकी प्रयोग की अनुमति के सम्बन्ध में।**

सन्दर्भः– भारत सरकार पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय एकीकृत क्षेत्रीय कार्यालय, लखनऊ का पत्रांक–8 बी/यू0पी0/06/122/2023/एफ0सी0/275, दिनांक–02.08.2023

महोदय,

उपर्युक्त विषयक सन्दर्भित पत्र (छायाप्रति संलग्न) जो इस कार्यालय के साथ–साथ आपको भी प्रतिलिपि है का अवलोकन करने का कष्ट करें। अवगत कराना है कि विषयांकित गाटा सं0–106 में प्रस्तावित नये रिटेल आउटलेट के निर्माण में आवागमन से प्रभावित 0.3288 हे0 संरक्षित वन भूमि का बिना वृक्ष पातन के गैर वानिकी प्रयोग हेतु सैद्धान्तिक स्वीकृति (Principle approval) 19 शर्तों के साथ प्रदान की गई है, जिसका अनुपालन आपके स्तर से किया जाना है।

अतः सैद्धान्तिक स्वीकृति के शर्त संख्या 2,3 एवं 4 के अनुसार निम्नलिखित वांछित धनराशि परिवेश पोर्टल के माध्यम से कैम्पा फण्ड में जमा कर अवगत करायें।

1. शर्त संख्या–2व 3 के अनुसार 658 पौधों का तारबाड में वृक्षारोपण एवं 10 वर्षों तक अनुरक्षण सहित आवश्यक धनराशि रू0 **3,65,549.00** परिवेश पोर्टल के माध्यम से कैम्पा फण्ड में जमा कर उसकी प्राप्ति उपलब्ध कराये।
2. शर्त संख्या–4 के अनुसार प्रभावित संरक्षित वन भूमि 0.3288 हे0 के NPV की धनराशि रू0 9,57,780.00 प्रति हे0 की दर से रू0 **3,14,918.00** परिवेश पोर्टल के माध्यम से कैम्पा फण्ड में जमा कर उसकी प्राप्ति उपलब्ध करायें।

उपरोक्त धनराशि अलग–अलग परिवेश पोर्टल के माध्यम से कैम्पा फण्ड में जमा कर उसकी प्राप्ति/रसीद उपलब्ध करायें। **साथ ही समस्त शर्तों की अनुपालन रिपोर्ट अभिलेखों सहित Online Parivesh Portal पर अपलोड कराकर उसकी एक प्रति मूल में इस कार्यालय को शीघ्र ही उपलब्ध करायें।**

**संलग्नकः–** उपरोक्तानुसार।

भवदीय,

(महावीर कौजलगी)
प्रभागीय निदेशक
सामाजिक वानिकी प्रभाग, प्रयागराज।

**पत्रांक 617 / दिनांकित।**

**प्रतिलिपि–** मुख्य वन संरक्षक (वन संरक्षण) एवं नोडल अधिकारी, 17, राणा प्रताप मार्ग, लखनऊ, उ0प्र0 को सूचनार्थ प्रेषित।

**प्रतिलिपि–** वन संरक्षक प्रयागराज वृत्त, प्रयागराज को सूचनार्थ प्रेषित।

**प्रतिलिपि–** अपर जिलाधिकारी (प्रशासन) प्रयागराज को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।

(महावीर कौजलगी)
प्रभागीय निदेशक,
सामाजिक वानिकी प्रभाग, प्रयागराज।

D:\NH Petrol Pump.docx